nt>

Title: Demand to suspend the State Government of Bihar and need of C.B.I. inquiry on Rs.1200 crore scam in Education and Health Development in Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्णं विषय की ओर ले जाना चाहता हूं। एक लोकप्रिय अखबार 'दैनिक जागरण' के आज के अंक में यह समाचार छपा है कि बिहार में अब १२०० करोड़ रुपए का नया घोटाला।

सभापति महोदय, बिहार के बारे में जब भी कोई महत्वपूर्ण खबर छपती है तो वह घोटालों के विषय में होती है। आज जो खबर छपी है उसमें फर्जी शिक्षकों की बहाली के नाम पर ४०० करोड़ रुपए की निकासी की गई है। अलकतरा घोटाला, स्वास्थ्य विभाग में घोटाला आदि सारे घोटालों को लेकर १२०० करोड़ रुपए के घोटाले का मामला बनता है। मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से मांग करता हूं कि बिहार की जनता त्राहिमाम् कर रही है इसलिए वहां की जनता को बचाने के लिए बिहार सरकार को बर्खास्त किया जाये और उन घोटालों की जांच सी.बी.आई. से कराई जाये ताकि बिहार में १० करोड़ लोग चैन की सांस ले सकें। धन्य वाद।